# मेट्रो के कारण बरसात में पानी नहीं जमा होगा

**मुंबई,** मुंबई शहर और उपनगर में जगह-जगह पर विकास का काम शुरू है। इस काम के दरम्यान बरसात में कहीं भी पानी जमा नहीं होगा इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्राधिकरण लें,ऐसा महापालिका ने कहा है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण दो दिन पहले अपनी बात कहते हुए कहा कि कहीं भी पानी नहीं जमा होगा इस पर ध्यान दिया जाए। मुंबई मेट्रो ३ के सभी अभियंता ठेकेदारों को बरसात में ध्यान देने को कहा है। बरसात शुरू होने के पहले वह पूरा हो जाएगा। बरसात के पानी को निकलने के लिए जलवाहिनी स्वच्छ करना उसमें का कचरा निकालना पूरा होना चाहिए।